दिनांकः 03.02.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीका के साथ भारत के ऐतिहासिक व्यापार समझौते को धैर्य का परिणाम बताया।
- प्रधानमंत्री ने लोगों से 6 फरवरी को आयोजित होने वाले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा विधायक दल की बैठक में मंत्रियों और विधायकों को सदन की कार्यवाही में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।
- राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राजस्थान और मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के बीच महत्वपूर्ण समझौता।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अमरीका के साथ भारत का ऐतिहासिक व्यापार समझौता निरंतर धैर्य का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने आज संसदीय दल की बैठक में एनडीए सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि इस व्यापार समझौते ने एक अनुकूल आर्थिक वातावरण बनाया है और वैश्विक व्यापार वार्ताओं के प्रति सरकार के सुसंगत और संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने टैरिफ की आलोचना की, लेकिन सरकार ने धैर्य बनाए रखा और इसके परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व व्यवस्था बदल रही है और इसका झुकाव तेजी से भारत की ओर हो रहा है।

राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने भारत–अमरीका व्यापार शुल्क के विवरण की मांग को लेकर कांग्रेस सहित विपक्ष की आलोचना की। श्री नड्डा ने कहा कि सरकार सदन में भारत और अमरीका के बीच व्यापार समझौते पर विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है।

000

लोकसभा के आठ विपक्षी सांसदों को अनुशासनहीनता के कारण बजट सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है। कांग्रेस के मणिकम टैगोर, अमरिंदर सिंह राजा, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले और किरण कुमार रेड्डी तथा सी.पी.आई.–एम. के.एस. वेंकटेशन इनमें शामिल हैं।

आज दोपहर 3 बजे के बाद लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर विपक्षी सांसदों ने विभिन्न मुद्दों पर विरोध शुरू कर दिया। पीठासीन अधिकारी ने सांसदों के अनुशासनहीन व्यवहार पर आपत्ति जताई। बाद में, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में अनुशासनहीन आचरण और दुर्व्यवहार के लिए बजट सत्र की शेष अवधि के लिए इन सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा। सदन ने ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार 6 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामन्जस्य स्थापित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर ज़ोर दिया। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में भी खासा उत्साह बना हुआ है। श्रीगंगानगर के सादुल शहर के छात्र–छात्रओं ने अपने विचार कुछ इस तरह साझा किये।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कहा कि तकनीकी कंपनियां डेटा साझाकरण के नाम पर नागरिकों के निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग–सीसीआई के आदेश

के खिलाफ मेटा और व्हाट्सएप की अपीलों की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने उन पर कड़ी फटकार लगाई। आयोग ने उनकी निजता की नीति को लेकर 213 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया था।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज विधानसभा में भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट के प्रावधानों से प्रदेश के विकास को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से रेलवे क्षेत्र के लिए राजस्थान को मिले 10 हजार करोड़ रुपये का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन, उद्योग और आईटी जैसे क्षेत्रों में बजट के प्रावधानों से राज्य की प्रगति होगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मंत्रियों और विधायकों को सदन की कार्यवाही में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री हेम सिंह भडाणा और पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई।

000

खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने आज विधानसभा में कहा कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि होटल, ढाबों और विवाह स्थलों पर घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की नियमित जांच की जाती है। श्री गोदारा ने जानकारी दी कि जिला स्तर पर कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल इस दिशा में सघन अभियान चला रहे हैं।

000

राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के बीच आज जयपुर में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान को 30 हजार कंट्रोल यूनिट और 60 हजार बैलेट यूनिट किराये पर उपलब्ध कराएगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि इन ईवीएम का उपयोग नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में किया जाएगा। ईवीएम की सुरक्षा, रखरखाव और तकनीकी परीक्षण भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। इस दौरान मध्य प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

000

झुंझुनू में आज प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए मार्केटिंग और उद्यमिता पर एक दिन की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें कारीगरों को अपने उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री, ब्रैंडिंग और डिजिटल मार्केटिंग की जानकारी दी गई। साथ ही जीएसटी पंजीकरण और बैंकिंग सुविधाओं जैसे वित्तीय विषयों पर भी चर्चा हुई। एमएसएमई के उपनिदेशक अजय शर्मा ने कहा कि लाभार्थियों को केवल कौशल तक सीमित न रखकर उन्हें बाजार से जोड़ना आवश्यक है, ताकि उनकी आय में बढ़ोतरी हो सके।

000

बूंदी में जल पक्षियों की गिनती के लिए तीन दिन का अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले की 16 प्रमुख वेटलैंड पर सर्वे किया गया। जिनमें जेत सागर झील, राम सागर, फूल सागर, गोठडा बांध और झील पर जलीय पक्षी प्रजातियों की गणना की गई। जिला वन अधिकारी आलोक नाथ गुप्ता ने बताया कि इस दौरान 145 प्रजाति के देशी–विदेशी पक्षी सामने आए हैं। इस बार पक्षी गणना में ई बर्ड एप की भी मदद ली गई।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने विमुक्त, घुमन्तू और अर्द्धघुमन्तू समुदाय के लिए चल रहे पहचान पत्र सहायता शिविरों की अवधि बढ़ा दी है। अब यह शिविर 15 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि समुदाय के अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। अब तक ई–मित्र के माध्यम से 10 हजार 700 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 5 हजार 300 से ज्यादा लोगों को प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं।

000

राजस्थान में अब तक 42 लाख 95 हजार से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम पंजीकृत हो चुके हैं। इन उद्योगों को 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की ऋण गारंटी सहायता प्रदान की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के एक प्रश्न के जवाब में आज राज्यसभा में ये जानकारी दी गई। इसके अनुसार हस्तशिल्प और वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य में 16 क्लस्टर हैं। सरकार ने आगामी वर्षों के लिए निर्यात संवर्धन मिशन को भी मंजूरी दी है, जिससे स्थानीय उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिलेगी।

000

पाली जिले के चंडावल क्षेत्र में आज मिट्टी ढहने से दो युवकों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गये। यह हादसा बावरियों की ढाणी में उस समय हुआ जब चार युवक ट्यूबवेल और कुएं के बीच पाइप लाइन का कनेक्शन कर रहे थे। अचानक मिट्टी ढहने से चारों युवक गहरे गड्ढे में दब गए। प्रशासन और ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। दो युवकों को सुरक्षित निकालकर सोजत सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करीब 15 फीट गहराई में दबे रहने के कारण अन्य दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

000

भरतपुर में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने सेवर और भुसावर क्षेत्र के किसानों को शहद की गुणवत्ता, भंडारण और मार्केटिंग की जानकारी दी। शिविर में बताया गया कि सरसों का शहद 15 से 16 डिग्री तापमान पर जम जाता है, जो इसकी प्राकृतिक विशेषता है। वैज्ञानिकों ने शुद्धता बनाए रखने और सही समय पर शहद निकालने की तकनीक पर जोर दिया। प्रशिक्षण में 100 से अधिक मधुमक्खी पालकों ने भाग लिया।

000